NBT
नवभारत टाइम्स

पुलिस की वर्दी के पीछे चल रहा था नकली नोटों की तस्करी का खेल, 18,00,00 के फर्जीवाड़े का खुलासा

Khushendra Tiwari | Lipi Updated: 16 Jan 2022, 6:28 pm

जयपुर पुलिस ने नकली नोटों की तस्करी करने वाले 5 बदमाश गिरफ्तार किया है। गैंग के 3 सदस्य पुलिसकर्मी बन लोगों के साथ ठगी करते थे।

रामस्वरूप लामरोड़, जयपुर
जयपुर पुलिस ने नकली नोटों की तस्करी करने वाली गैंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस आयुक्तालय की बगरू थाना पुलिस ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। बगरू थाना प्रभारी विक्रम सिंह के मुताबिक दहमीकला में नकली नोट तैयार करने और फिर लोगों के साथ ठगी करने की सूचना प्राप्त हुई थी। इस पर कार्रवाई करते हुए 5 बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

18 लाख 52 हजार 500 रुपए जाली नोट जब्त
बगरू थाना प्रभारी विक्रम सिंह के मुताबिक नकली नोट खपाने के लिए आरोपी क्विड कार से घूमते हुए ग्राहक ढूंढ रहे थे। पुलिस ने बोगस ग्राहक बनकर रुपए लेने का सौदा किया। साथ ही सौदा तय होने के बाद आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में सिराजुद्दीन, दौलत खान, गामा, किशन और विष्णु शर्मा है। आरोपियों के कब्जे से 500 - 500 रुपए के कुल 3705 नकली नोट जब्त किए हैं। पूछताछ में पता चला है कि पिछले 5 साल में इस गैंग ने एक दर्जन से ज्यादा ठगी की वारदातों को अंजाम दिया।

गैंग के 3 सदस्य बनते थे पुलिसकर्मी
गैंग के 2 सदस्य नकली नोट खपाने के लिए ग्राहक ढूंढते थे। ग्राहक को असली नोटों के बदले दुगुने नकली नोट देने का वादा करते थे। कोई ग्राहक जब असली मुद्रा लेकर नकली नोटों की खेप लेने आता तो डिलेवरी के समय गैंग के तीन सदस्य पुलिसकर्मी बनकर आ जाते थे। ये फर्जी पुलिसकर्मी ग्राहक को गिरफ्तार करने की धमकी देते तो ग्राहक असली रुपए देकर छोड़ने की गुहार करते थे।

असली रुपए लेकर बदमाश ग्राहक को भगा देते थे
इसके बाद में असली रुपए लेकर ये बदमाश ग्राहक को भगा देते थे। पिछले 5 साल में ठगी की ऐसी कई वारदातों को अंजाम दिया गया। पुलिस के डर की वजह से किसी ने कोई मुकदमा दर्ज नहीं कराया।

गैंग के सभी सदस्यों की धरपकड़ शुरू
इस गैंग में और भी कई सदस्यों के नाम सामने आए हैं। पुलिस ने अन्य सदस्यों को भी नामजद किया है और एक एक पर सबकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने आमजन से आह्वान किया है कि अगर किसी के साथ नकली नोट देने का झांसा देते हुए ठगी हुई है, तो वे संबंधित पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज करवाएं। ताकि आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जा सके।

Source: https://navbharattimes.indiatimes.com/state/rajasthan/jaipur/5-crooks-arrested-for-smuggling-fake-notes-in-jaipur/articleshow/88933877.cms